तापमान

| | | |
|---|---|---|
| भोपाल | 37.3° | 24.1° |
| इंदौर | 38.4° | 24.6° |
| जबलपुर | 38.3° | 24.2° |
| ग्वालियर | 39.5° | 22.6° |

दैनिक

# नईदुनिया


भोपाल एवं सागर से एकसाथ प्रकाशित


वर्ष- 77
(भोपाल : वर्ष 39 अंक 145,पृष्ठ 12)
बुधवार 24 अप्रैल 2024
राजधानी संस्करण
कीमतः 3:00 रुपये




राजधानी... रोड शो के दौरान चप्पे-चप्पे पर रहेगी कड़ी सुरक्षा...


खेल... जोकोविच को लॉरियस वर्ल्ड स्पोर्ट्समैन ऑफ द ईयर...


व्यापार... रिलायंस का मुनाफा रु. 1 लाख करोड़ के पार.....


देश-विदेश... इज़राइली सेना के जाने के बाद गाजा के अस्पताल...



www.naiduniaonline.com


## दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों का आरक्षण कभी नहीं होगा खत्मः मोदी

**टोंक (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कांग्रेस पर उसकी सोच हमेशा तुष्टिकरण एवं वोट बैंक की राजनीति करने एवं अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति आरक्षण में कमी कर मुसलमानों को आरक्षण देने का प्रयास करने का आरोप लगाते हुए मंगलवार को खुले मंच से गारंटी दी है कि दलितों, पिछड़ों, आदिवासियों का आरक्षण न कभी खत्म होगा और नही ही धर्म के नाम पर इसे बांटने दिया जायेगा।

श्री मोदी टोंक जिले के उनियारा में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) प्रत्याशी सुखबीर सिंह जौनपुरिया के समर्थन में आयोजित जनसभा को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस की सोच हमेशा तुष्टिकरण एवं वोट बैंक की राजनीति करने की रही है और वर्ष 2004 में केन्द्र में जब उसकी सरकार बनी तब उसका सबसे पहले काम आंध्रप्रदेश में अनुसूचित एवं अनूसूचित जनजाति के आरक्षण में कमी करने का प्रयास था। यह उनका एक पायलट प्रोजेक्ट था जिसे पूरे देश में आजमाना चाह रहे थे। उन्होंने कहा कि वर्ष 2004 से 2010 के बीच आंधप्रदेश में चार बार मुस्लिम आरक्षण लागू करने की कोशिश की गई लेकिन उच्चत्तम न्यायालय की जागरुकता के कारण इनके मंसूबे पूरे नहीं हो पाये। वर्ष 2011 में इसे पूरे देश में लागू करने की कोशिश की गई। उन्होंने कहा कि दलितों, पिछड़ों एवं आदिवासियों से आरक्षण छीनकर वोट बैंक की राजनीत के लिए इसे ओरों को देने का प्रयास किए गये जो संविधान की मूल भावना के खिलाफ था।

उन्होंने कहा कि जब कनार्टक में भाजपा की सरकार आई और हमे काम करने का मौका मिला तो पहला काम किया गया कि एस-एसटी से छीनकर



कर जो आरक्षण कोटा निकाला गया था उसे खत्म कर दिया गया और जिसका हक था उसे सुरक्षित रखा गया। इससे देश में कांग्रेस के लोग आग बबूला हो गए और कहा गया कि मोदी समझता क्या अपने आप को। श्री मोदी ने कहा कि मोदी संविधान को समझता हैं, वह उसकी पूजा करने वाला व्यक्ति है। श्री मोदी ने कहा कि सच्चाई यह है कि कांग्रेस और उसका गठबंधन जब सत्ता में थे तो ये लोग दलितों एवं पिछड़ों के आरक्षण में सेंधमारी करके वोट बैंक की राजनीति के लिए उनकी खास जमात को अलग से आरक्षण देना चाहते थे जबकि संविधान इसके बिल्कुल खिलाफ है। आरक्षण जो बाबा साहेब ने दलितों, पिछड़ों और आदिवासियों को दिया था उसे कांग्रेस और उसके गठबंधन ने उसे मजहब के आधार पर मुसलमानों को देना

(शेष पेज 7 पर)

### कांग्रेस के डीएनए में धर्म के नाम पर राजनीति

**रायपुर (एजेंसी)।** छत्तीसगढ़ के सक्ती जिले के जेठा गांव में आयोजित जनसभा में प्रधानमंत्री मोदी ने छत्तीसगढ़ी भाषा में स्थानीय लोगों का अभिवादन किया। उन्होंने बड़ा हमला बोलते हुए कहा कि धर्म के नाम पर देश को बांटने वाली कांग्रेस आजादी के बाद पहले दिन से तुष्टीकरण में लगी हुई है। तुष्टीकरण और धर्म के नाम पर राजनीति कांग्रेस के डीएनए में है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस को दलित, पिछड़ों, आदिवासियों का हक भी छीनना पड़े तो वह एक सेकेंड नहीं लगाएंगे, जबकि भाजपा सबका साथ, सबका विकास के मंत्र पर चलने वाली है। हमारी प्राथमिकता गरीब, युवा, महिला और किसानों का कल्याण है। कांग्रेस ने 60 साल तक देश में गरीबी हटाओ का नारा देकर अपनी तिजोरी भरने का काम किया। हमने दस सालों के दौरान नारेबाजी नहीं की। आपसे नाता जोड़ा, नारा नहीं दिया। उन्होंने दस साल की अपनी सरकार का जिक्र करते हुए कहा पिछले 10 साल में अपना देश बहुत आगे आया है, लेकिन, बहुत सारा काम बाकी है। छत्तीसगढ़ में पिछली कांग्रेस की राज्य सरकार ने विकास के काम को आगे नहीं बढ़ने दिया। अब विष्णु देव सीएम हैं और राज्य में विकास का काम होगा। 10 साल आपने मुझे देखा है, मैं लगातार आपके लिए दौड़ता रहता हूं, काम करता रहता हूं, एक भी छुट्टी लिए बिना काम करता हूं। बाकी नेताओं को तो अपने बच्चों के लिए कुछ करना होता है। मेरे लिए तो आप ही मेरा परिवार हैं। छत्तीसगढ़ के लोगों से मतदान की अपील करते हुए उन्होंने कहा कि अगर मैं इतना काम करता हूं तो आपको भी मेरे लिए एक घंटा निकालना चाहिए।



## इंडी गठबंधन के आधे नेता जेल में, आधे 'बेल' परः नड्डा

**भोपाल(काप्र)। भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा ने आज मंगलवार को मध्यप्रदेश के टीकमगढ़, रीवा और सतना में आयोजित जनसभा को संबोधित किया और इंडी गठबंधन और इसके घटक दलों को भ्रष्टाचार और परिवारवाद का जमावड़ा बताते हुए विपक्ष पर जमकर निशाना साधा।**

इन कार्यक्रमों में उनके साथ मंच पर मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव, उप-मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ला, मध्यप्रदेश कैबिनेट मंत्री प्रह्लाद पटेल, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व खजुराहो प्रत्याशी विष्णुदत्त शर्मा, केंद्रीय मंत्री एवं टीकमगढ़ प्रत्याशी वीरेन्द्र कुमार, रीवा लोकसभा प्रत्याशी जनार्दन मिश्रा, सतना लोकसभा प्रत्याशी गणेश सिंह, प्रदेश महामंत्री रणवीर सिंह रावत सहित अन्य पदाधिकारीगण उपस्थित रहे। टीकमगढ़ में नड्डा ने विपक्षी दलों के गठबंधन 'इंडिया' पर हमला बोलते हुए कहा कि गठबंधन के आधे नेता जेल में, आधे 'बेल' पर हैं और चार जून के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भ्रष्टाचार विरोधी मुहिम और तेज होगी। जेपी नड्डा मध्यप्रदेश के टीकमगढ़ में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी सभा को संबोधित कर रहे थे। जेपी नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में राजनीति की संस्कृति और सोच बदल गई है। 10 साल पहले सब कहते थे कि सब ऐसा ही चलेगा, कुछ नहीं बदलने वाला। आज सामान्य आदमी भी कह रहा है कि देश बदल गया है।

विकसित भारत बनाने के लिए मजबूत सरकार चाहिए, जो निर्णय ले सके। देश में स्थिर सरकार बनने से अंतर ये आया है कि, जो हम 1951 से एक देश में दो निशान नहीं चलने वाला नारा दे रहे थे, वो फलीभूत हुआ है। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी फिर से प्रधानमंत्री बनेंगे तो भारत दो साल में तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। जेपी नड्डा ने कहा कि जनता को इस बार दो विचारधाराओं के बीच चुनाव करना है। एक तरफ पीएम मोदी के नेतृत्व में विकास करने में लगे हुए लोग हैं, दूसरी ओर परिवारवादी हैं, जो अपने परिवार और भ्रष्टाचारियों को बचाने में

(शेष पेज 7 पर)

### खास-खबरें

#### कश्मीर में आठ ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज

**श्रीनगर (एजेंसी)।** जम्मू-कश्मीर के बारामूला जिले में पुलिस ने आठ कुख्यात ड्रग तस्करों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी । उन्होंने बताया कि तस्करों को हिरासत में ले लिया गया है और बाद में जम्मू के सेंट्रल जेल कोट-भलवाल भेज दिया गया। आरोपी बांदी, कुंजर, ओगमुना, पट्टन, मिरगुंड वागुरा, क्रेरी और जिले के अन्य क्षेत्रों में स्थानीय युवाओं को ड्रग्स की आपूर्ति करके नशीली दवाओं के दुरुपयोग को बढ़ावा देने में शामिल थे।

#### सलमान खान फायरिंग केस में मुंबई क्राइम ब्रांच ने बरामद किए हथियार

**सूरत (एजेंसी)।** सलमान खान के घर के बाहर हुई फायरिंग मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए मुंबई क्राइम ब्रांच ने सूरत के तापी नदी से बंदूक और मैगजीन बरामद की है। गोताखोरों को सूरत की तापी नदी से तीन मैगजीन और 13 कारतूस भी मिले हैं। पुलिस ने तापी नदी से हथियार बरामद करने का एक वीडियो भी जारी किया है। बीते दिनों अभिनेता सलमान खान के घर के बाहर फायरिंग की गई थी, जिसके बाद उनकी सुरक्षा बढ़ा दी गई। इतना ही नहीं, सीएम एकनाथ शिंदे अभिनेता से मुलाकात करने उनके घर पहुंचे थे। उधर, पुलिस ने इस मामले में बड़ी कार्रवाई करते हुए फायरिंग में शामिल दो आरोपियों को गिरफ्तार किया था, जिनके तार बिहार के बेतिया जिले से जुड़े हुए बताए गए।

## भोपाल में ऐतिहासिक होगा मोदी का रोड शो

### संसाधनों पर वर्ग विशेष का हक बताना कांग्रेस का निंदनीय कृत्यः डॉ. यादव

**भोपाल (काप्र)।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि सभी तरह के संसाधनों पर हक देश के सभी वर्ग के लोगों का है। कांग्रेस ने मेनिफेस्टो में वर्ग विशेष के लिए संसाधनों पर हक की बात लिखकर निंदनीय काम किया है। इसके लिए कांग्रेस को देश के सभी वर्ग के लोगों से माफी मांगनी चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का भोपाल में होने वाला रोड शो ऐतिहासिक होगा और चुनाव के दौरान उनके एमपी दौरे का रिकार्ड भी बनेगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 24 अप्रैल को एमपी में होने वाले दौरे के साथ नया रिकार्ड बन रहा है। श्री मोदी की ओर से मध्यप्रदेश को दी गई सौगातों का हिसाब लगाएं तो पता चलता है कि सवा लाख करोड़ की सौगातें मिली है। चुनाव आचार संहिता के बाद जबलपुर, बालाघाट, नर्मदापुरम, दमोह में पीएम सभा कर चुके हैं। एमपी में आचार संहिता के दौरान पांचवी बार कल सागर और हरदा में सभा करने के बाद भोपाल में रोड शो करने वाले हैं। बिना कुछ कहे प्रचार का नया तरीका अपनाया है पीएम ने मुख्यमंत्री यादव ने कहा कि पीएम नरेंद्र मोदी ने बिना कुछ कहे प्रचार का नया तरीका अपनाया है। जबलपुर में पिछले रोड शो में कमल का फूल देकर और हाथों में कमल का फूल लेकर चुनाव प्रचार की नई मिसाल पीएम मोदी ने पेश की है। इसमें बिना कुछ कहे ही उन्होंने पार्टी का चुनाव प्रचार किया है। भोपाल के रोड शो को लेकर सीएम यादव ने कहा कि पीएम मोदी का रोड शो एक किमी

(शेष पेज 7 पर)

## भाजपा को वोट दें, ममता बनर्जी के गुंडों को उल्टा लटका देंगेः शाह

**कोलकाता (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज कहा कि कांग्रेस और तृणमूल कांग्रेस नेता ममता बनर्जी में नागरिकता संशोधन अधिनियम को छूने की हिम्मत नहीं है, उन्होंने आश्वासन दिया कि सभी हिंदू शरणार्थियों को नए कानून के तहत नागरिकता मिलेगी। अमित शाह ने करनदिघी में चुनावी रैली के दौरान कहा तृणमूल के शासन में पश्चिम बंगाल में घुसपैठ बेरोकटोक जारी है। उन्होंने कहा बंगाल की मुख्यमंत्री



सीमावर्ती राज्य में घुसपैठ नहीं रोक सकतीं। क्या ममता बनर्जी घुसपैठ रोक सकती हैं? वह नहीं रोक सकतीं। केवल (प्रधानमंत्री नरेंद्र) मोदीजी ही घुसपैठ रोक सकते हैं। शाह ने रायगंज से भाजपा उम्मीदवार कार्तिक पॉल के समर्थन में रैली करते हुए कहा पिछली बार आपने हमें 18 सीटें दी थीं। मोदी ने राम मंदिर दिया। इस बार हमें 35 सीटें दीजिए, हम घुसपैठ रोक देंगे। गृह मंत्री ने संदेशखाली विवाद का भी जिक्र किया और कहा कि संदेशखाली में, ममता बनर्जी ने महिलाओं पर अत्याचार

(शेष पेज 7 पर)

## यह चुनाव संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई का हैः खड़गे

**चेंगानूर (एजेंसी)।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने आज केरल में चुनाव प्रचार किया। चेंगानूर में उन्होंने केहा कि हम देख रहे हैं कि भाजपा सरकार संविधान को बदलने पर तुली हुई है। आरएसएस प्रमुख से लेकर वर्तमान सांसद या भाजपा उम्मीदवार तक, वे बयान दे रहे हैं कि एक बार भाजपा को दो-तिहाई बहुमत मिल जाए, तो वे संविधान बदल देंगे, इसलिए वे कह रहे हैं अबकी बार 400 पार। इस बार भारत की जनता मोदी जी को सबक सिखाएगी!



उन्होंने जोर देते हुए कहा कि यह चुनाव भारत के संविधान और लोकतंत्र की रक्षा की लड़ाई है।

खड़गे ने आगे कहा कि मैं मोदी को चुनौती देता हूं, अगर उन्हें इस देश के गरीब लोगों के लिए कोई चिंता है और सामाजिक न्याय और समानता को बढ़ावा देना चाहते हैं, तो उन्हें उन सभी भाजपा नेताओं को निष्कासित करना चाहिए जो कह रहे हैं कि वे संविधान बदल देंगे। अगर मोदी में हिम्मत है तो उन्हें यह कार्रवाई करनी चाहिए।

## केजरीवाल, कविता की न्यायिक हिरासत 7 मई तक बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली की एक विशेष अदालत ने आबकारी नीति 2021-22 कथित घोटाले से संबंधित धनशोधन के एक मुकदमे में तिहाड़ जेल में बंद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की न्यायिक हिरासत मंगलवार को सात मई तक के लिए बढ़ा दी। राऊज एवेन्यू स्थित कावेरी बावेजा की विशेष अदालत संबंधित पक्षों की दलीलें सुनने के बाद आम आदनी पार्टी नेता श्री केजरीवाल की न्यायिक हिरासत बढ़ाने संबंधी आदेश पारित किया। केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) से संबंधित मामलों की विशेष जज कावेरी बावेजा ने आबकारी नीति से संबंधित मामले की आरोपियों में शामिल भारत राष्ट्र समिति की नेता के। कविता और एक अन्य आरोपी चनप्रीत सिंह की न्यायिक हिरासत भी 7 मई तक बढ़ाने का आदेश दिया।

## डबल इंजन की सरकार में नोएडा बना बिजनेस का सबसे बड़ा सेंटर : राजनाथ

**नोएडा (एजेंसी)।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने नोएडा में कहा कि उत्तर प्रदेश के कई बड़े-बड़े नेताओं के लिए नोएडा करप्शन का सबसे बड़ा सेंटर था। लेकिन, आज नोएडा बिजनेस सेंटर के रूप में उभरा है। यहां पर एक समय अपराधियों का बोलबाला था। ऐसी भी जानकारी मिली है कि लोग पलायन कर रहे थे। अब यह गुजरे कल की बात हो गई है। आज नोएडा पर्यटन और व्यापार के केंद्र के रूप में जाना जाता है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में



यहां देश-विदेश से निवेश का आंकड़ा बढ़ रहा है। यहां पर बेहतरीन एक्सप्रेसवे, चमचमाती सड़कें और बेहतरीन कानून व्यवस्था है। उन्होंने आगे कहा कि जब मैं मुख्यमंत्री था तब जेवर एयरपोर्ट का प्रस्ताव लेकर केंद्र सरकार के पास गया था। लेकिन, दूसरी सरकारें आती रही और योजना को ठंडे बस्ते में डाल दिया गया। अब, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी के कारण जेवर की धरती पर एयरपोर्ट आएगा। पहले प्रदेश की तुलना गरीब राज्यों से की जाती थी।

## 2026 में पटरियों पर होगी पहली बुलेट ट्रेन, तैयारी पुख्ताः वैष्णव

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** रेलवे और आईटी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने मंगलवार को कहा कि भारत की पहली बुलेट ट्रेन के लिए विभिन्न स्टेशनों के निर्माण में महत्वपूर्ण प्रगति हुई है और हम 2026 में एक सेक्शन में पहली बुलेट ट्रेन चलाने के लिए तैयार हैं।आईएएनएस के साथ एक साक्षात्कार में केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि अहमदाबाद-मुंबई रूट पर बुलेट ट्रेन का काम बहुत अच्छे से चल रहा है। इसके लिए 290 किलोमीटर से अधिक का काम पहले ही किया जा चुका है। इसके लिए आठ नदियों पर पुल बनाए गए हैं। 12 स्टेशनों पर काम चल रहा है। कई स्टेशन ऐसे हैं, जिसका काम पूरा होने वाला है। इसके साथ ही दो डिपो पर काम चल रहा है।



### स्पेशल खबर

*रामदेव और बालकृष्ण से सुप्रीम कोर्ट ने कहा...*

## बड़े साइज में विज्ञापन छपवाकर माफी मांगें

**नई दिल्ली (एजेंसी)। पतंजलि आयुर्वेद द्वारा अपनी दवाओं के लिए भ्रामक दावों को लेकर अदालत की अवमानना को लेकर सुप्रीम कोर्ट ने सुनवाई के दौरान रामदेव को कड़ी फटकार लगाई।**

इसके साथ ही रामदेव और बाल कृष्ण को अदालत ने 30 अप्रैल को फिर से पेश होने का आदेश दिया है। सुनवाई के दौरान अदालत ने रामदेव को आदेश दिया कि वह बड़े साइज में पतंजलि माफीनामे का विज्ञापन फिर से जारी करें। अदालत की फटकार के दौरान रामदेव ने नया विज्ञापन छपवाने की बात सुप्रीम कोर्ट से कही थी, जिसकी अदालत ने मंजूरी दे दी। रामदेव के वकील मुकुल रोहतगी ने अदालत से कहा कि हमने माफीनामा दायर किया है। इस पर जस्टिस हिमा कोहली ने पूछा कि इसे कल क्यों दायर किया गया। हम अब बंडलों को नहीं देख सकते, इसे हमें पहले ही दिया जाना चाहिए था। वहीं



जस्टिस अमानुल्लाह ने पूछा कि यह कहां प्रकाशित हुआ है। जिसका जवाब देते हुए मुकुल रोहतगी ने बताया कि 67 अखबारों में दिया गया है। जिस पर जस्टिस कोहली ने पूछा कि क्या यह आपके पिछले विज्ञापनों के समान आकार का था। जिस पर रामदेव के वकील ने कहा कि नहीं, इस पर 10 लाख रुपए खर्च किए गए हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हमें एक आवेदन मिला है जिसमें पतंजलि के खिलाफ ऐसी याचिका दायर करने के लिए आईएमए पर 1000 करोड़ रुपये का जुर्माना लगाने की मांग की गई है।

## एएसआई ने सर्वे पूरा करने के लिए कोर्ट से मांगी 8 हफ्ते की मोहलत

**इंदौर (एजेंसी)।** उच्च न्यायालय के आदेश पर धार के भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर में महीने भर से वैज्ञानिक छानबीन कर रहे भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) ने यह कवायद पूरी करने के लिए अदालत से आठ सप्ताह की मोहलत मांगी है। एएसआई ने मोहलत की मांग करते हुए उच्च न्यायालय की इंदौर पीठ में दायर अर्जी में कहा कि विवादित परिसर की संरचनाओं के उजागर भागों की प्रकृति को समझने के लिए उसे कुछ और समय की दरकार है। उच्च न्यायालय ने भोजशाला विवाद के मुकदमे की अगली सुनवाई के लिए 29 अप्रैल की तारीख पहले ही तय कर रखी है। इस तारीख को एएसआई की ताजा अर्जी पर भी सुनवाई हो सकती है। उच्च न्यायालय ने 11 मार्च को एएसआई को छह सप्ताह के भीतर भोजशाला-कमाल मौला मस्जिद परिसर का वैज्ञानिक सर्वेक्षण करने का आदेश दिया था।